भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 837

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रशन का उत्तर

कैंसर कारक पैकेट बंद मसाले

†837. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन देशों का ब्यौरा क्या है, जिन्होंने कैंसर का कारण बनने वाले एमडीएच और एवरेस्ट जैसे पैकेज्ड मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है;
(ख) सरकार द्वारा इन मसालों का निरीक्षण करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान इन मसालों के कारण हुए कैंसर से जुड़ी किन्हीं मौतों की सूचना दी है; और
(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन मसाला कंपनियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): वाणिज्य विभाग ने बताया कि उनके पास कैंसर कारक पैकेज्ड मसालों के बारे में ऐसी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। तथापि, मई, 2024 में नेपाल सरकार ने मीडिया में आई खबरों और एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) के निर्धारित स्तर से अधिक स्तर की रिपोर्ट के आधार पर आयातकों को दो ब्रांडों से संबंधित मसाला मिश्रण के चार विशिष्ट लॉट के आयात, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया और साथ ही इन वस्तुओं को बाजार से वापस मंगाने की सलाह भी दी। इसके अनुसरण में, मसाला बोर्ड ने नेपाल में भारतीय मिशन के साथ इस मामले को उठाया ताकि नेपाल सरकार के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता विभाग (डीएफटीक्यूसी) को मसाला बोर्ड द्वारा उठाए गए उन कदमों की जानकारी दी जा सके, जिसमें विभिन्न गंतव्यों को निर्यात किए जा रहे मसालों का अनिवार्य परीक्षण किया जाना और निर्यातकों

द्वारा खरीदे गए कच्चे माल के साथ-साथ उनके द्वारा निर्यात के लिए तैयार माल में ईटीओ की निगरानी के लिए निर्यातकों द्वारा पालन किए जाने वाले व्यापक दिशानिर्देश जारी करना शामिल है, ताकि आयात करने वाले देश की अलग-अलग ईटीओ सीमाओं को पूरा किया जा सके।

इसके अलावा, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ़एसएसएआई) ने सूचित किया है कि मेसर्स महाशियां दी हट्टी प्राइवेट लिमिटेड (एमडीएच) और मेसर्स एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एवरेस्ट) द्वारा निर्यातित मसाला उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) की मीडिया रिपोर्ट के बाद, एफ़एसएसएआई ने एमडीएच और एवरेस्ट की मसाला निर्माण सुविधा केन्द्रों का निरीक्षण किया और नमूना एकत्र किया। इस अभियान के दौरान, एमडीएच के 25 नमूने और एवरेस्ट के 9 नमूने उनकी निर्माण सुविधा केंद्रों से लिए गए हैं। इन 34 नमूनों में ईटीओ के कोई अंश नहीं पाए गए।

******